तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 8 फरवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 दमकसा स्कूल में परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण





14 विखं की ग्राम पंचायतों में मनरेगा रोजगार ...









## खबर संक्षेप

### दस लीटर शराब जब्त एक कोचिया पकड़ाया



**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम ढेकुना के गौशालापारा शिव मंदिर के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब एवं शराब बिक्री की नकद राशि जब्त की गई है। जानकारी अनुसार 7 फरवरी को आरोपी ढेकुना निवासी 59 वर्षीय गुलेश्वर जैन पिता बिटठल जैन के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब व नदग 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### बाइक ने बाइक को ठोंका हादसे एक युवक की मौत



**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम पदमपुर पुल के पास सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई थी, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि ताम्रध्वज कुलदीप अपने साथी हिमांशु टांडिया के साथ बाइक से घर लौट रहा था, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्प्लेंडर बाइक ने उनकी मोटर सायकल को टक्कर मार दी। हादसे में ताम्रध्वज को सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 1343 का चालक के विरुद्ध धारा 281 व 106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### जहर खाने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 104 निवासी 27 वर्षीय सुजीत मंडल पिता सूजन मंडल का इलाज के दौरान सिविल अस्पताल पखांजुर में मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खाया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अस्पताल में युवक की इलाज से पहले मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतगत निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाए युवक का इलाज से पहले ही मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक बांदे थनांतर्गत 25 वर्षीय सोहन नेगी पिता नागसाय को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने युवक के मौत होने की पुष्टी किया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इच्छापुर में कल पशु मेला व सह प्रदर्शनी

**कांकेर।** पशुधन विकास विभाग द्वारा सोमवार 09 फरवरी को ग्राम इच्छापुर के खेल मैदान में विकासखण्ड स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य गीता रमेश गावड़े होंगी। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस मेले में दुधारू गाय, भैंस, उन्नत बछिया, बकरा-बकरी और पक्षियों की विभिन्न प्रतियोगिताएं शेष पेज 12 पर

# मुर्गे के नाम पर हुआ विवाद, फूटा गुस्सा, दो भाइयों ने मिलकर तीसरे की बेदम पिटाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कराठी पद्दापारा में एक मामूली घरेलू विवाद ने देखते ही देखते गंभीर हिंसक रूप ले लिया। खेत से मुर्गा ले जाने को लेकर उपजे विवाद में सगे भाइयों ने अपने ही भाई पर बांस के डंडे और हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### हाथ-मुक्के और डंडे से पिटाई से युवक गंभीर

#### दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

*पीड़ित की रिपोर्ट पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी रामप्रकाश ध्रुव और राजकुमार ध्रुव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 296, 3 (5) एवं 351 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

पद्दापारा कराठी निवासी 26 वर्षीय राजेन्द्र ध्रुव पिता स्व. सुखदेव ध्रुव ने पुलिस को बताया कि मैं खेती-किसानी का कार्य करता हूँ। 6 फरवरी की दोपहर करीब 3 बजे वह अपने खेत लाड़ी पद्दापारा कराठी में था। इसी दौरान उसका छोटा भाई रामप्रकाश ध्रुव और बड़ा भाई राजकुमार ध्रुव खेत पहुंचे और वहां से उसके मुर्गे को जबरदस्ती पकड़कर लड़ाई के लिए ले जाने लगे। राजेन्द्र ध्रुव ने जब इसका विरोध किया और मुर्गा ले जाने से मना किया, तो दोनों भाइयों शेष पेज 12 पर

**आपरेशन :** पांच-पांच किलो का दो प्रेशर कुकर आईईडी और एक बीयर आईईडी को किया डिफ्यूज

# फोर्स की सतर्कता से कांकेर-नारायणपुर सीमा पर तीन शक्तिशाली आईईडी जब्त, बड़ी वारदात टली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर और नारायणपुर जिले की सीमा पर स्थित मुरूलनापा के दुर्गम जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से बिछाए गए घातक आईईडी जाल को जवानों ने समय रहते नाकाम कर दिया। डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने सतर्कता और सूझबूझ का परिचय देते हुए मौके से तीन शक्तिशाली आईईडी बरामद किए, जिन्हें बाद में सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई क्षेत्र में नक्सलियों की मंशा पर करारा प्रहार मानी जा रही है।

- कांकेर जिले के बचे 35 नक्सलियों के लिए लगातार आपरेशन जारी

नक्सली संगठन अक्सर सुरक्षाबलों के सर्चिंग और एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन के दौरान उन्हें भारी नुकसान पहुंचाने के लिए जंगलों, कच्चे रास्तों और पगडंडियों पर आईईडी प्लांट करते हैं। इसी रणनीति के तहत मुरूलनापा के जंगल-पहाड़ी इलाके में भी मौत का जाल बिछाया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर थाना परतापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुरूलनापा के दुर्गम इलाके में शनिवार 6 फरवरी को विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने सघन तलाशी अभियान शुरू किया, जिसमें जवानों की सतर्क नजर और तकनीकी दक्षता ने बड़ी अनहोनी को टाल दिया। तलाशी के दौरान जवानों ने जमीन के नीचे छिपाकर रखे गए दो प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किए, जिनका वजन लगभग 5-5 किलोग्राम था। इसके साथ ही एक बीयर बोतल में तैयार किया गया आईईडी भी खोज निकाला गया। प्रारंभिक आंकलन के अनुसार, यह सभी विस्फोटक अत्यंत घातक थे और यदि इनका समय रहते पता नहीं चलता, तो सर्चिंग पर निकले जवानों के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकते थे। जिले की यह सफलता न केवल सुरक्षाबलों की सतर्कता को दर्शाती है, बल्कि नक्सलियों की कमजोर होती रणनीति की ओर भी इशारा करती है।



### बीडीएस टीम ने मौके पर ही किया डिफ्यूज

आईईडी की बरामदगी के बाद तत्काल बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, बीडीएस की टीम ने अत्यंत सावधानी से तीनों आईईडी को वहीं जंगल में नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से नष्ट कर दिया। यदि यह आईईडी समय रहते नहीं मिलते, तो सर्चिंग पर निकले जवानों के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकते थे।



### आपरेशन में आई तेजी

जानकारी के अनुसार कांकेर जिला और सीमा से लगे अन्य जिलों के क्षेत्र में कांकेर जिले के बचे 35 नक्सलियों के लिए लगातार आपरेशन चल रहे है। पुलिस को इन नक्सलियों को खत्म करने या समर्पण के लिए 31 मार्च का समय है। इस समय की ओर बढ़ने पर लगातार पुलिस पर भी दबाव बनता जा रहा है। पुलिस लगातार समर्पण के लिए प्रयास कर रही है, इसके अलावा सूचना पर तेज आपरेशन भी चलाए जा रहे है।

### उच्च अधिकारियों ने की सराहना

यह बड़ी कामयाबी बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी., बीएसएफ उपमहानिरीक्षक सेक्टर भानुप्रतापपुर विपुल मोहन बाला के मार्गदर्शन में मिली है। अभियान का सटीक क्रियान्वयन कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा और 40 वीं वाहिनी बीएसएफ कोयलीबेड़ा के सेनानी रणधीर सिंह गिल के निर्देशन में किया गया। अधिकारियों ने जवानों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार बढ़ते दबाव के चलते नक्सली बैकफुट पर हैं और उनकी गतिविधियां सीमित होती जा रही हैं।

# कोदागांव-पोटगांव मार्ग पर कार की ठोकर से बाइक सवार पंचायत सचिव की हुई मौत


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कोदागांव से पोटगांव जा रहे मोटर सायकल सवार को कार चालक ने लापरवाही बरतते हुए ठोकर मार दिया, जिसमें मोटर सायकल में सवार ग्राम पंचायत सुरेली के पंचायत सचिव की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 7 फरवरी की सायं 4 बजे मोटर सायकल में सवार ग्राम पंचायत सुरेली के सचिव चितुराम साहू अपनी मोटर सायकल से कोदागांव से पोटगांव अपने गांव जा रहे थे, वहीं कार क्रमांक सीजी 19 सी 0316 का चालक कोदागांव से पोटगांव जाते समय मोटर सायकल को ठोकर मार दिया, जिसमें मोटर सायकल में सवार सुरेली के सचिव चितुराम साहू की घटनास्थल पर मौत हो गई। पोटगांव निवासी चितुराम साहू को गांव के लोग धनेलीकन्हार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि किया। कार चालक ठोकर मारने के बाद भागने का प्रयास किया, परंतु गांव वालो की खबर पर बाबूदबेना के ग्रामीणों ने कार को रोक लिया था। पुलिस ने ग्रामीणों की जानकारी पर कार को अपने साथ लेकर कोरर थाना लेकर गए। कोदागांव के ग्रामीणों ने बताया कि कार चालक कोदागांव चौक पर रिवर्स करते हुए धमतरी के एक युवक को ठोकर मारा था, जिसे मामूली चोट आई थी। इसके बाद ही कार चालक जल्दी में कोदगांव से पोटगांव की ओर भाग रहा था, इसके बाद कार चालक ने मोटर सायकल को ठोकर मारा। कोदागांव चौक में हुई घटना की शिकायत इसलिए नहीं हुई कि धमतरी निवासी व्यक्ति को ज्यादा चोट नहीं आई थी। कोरर थाना शेष पेज 12 पर



# एनएच तीस पर ट्रक की ठोकर बाइक सवार की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान दंतेवाड़ा जिला के आंवराभाठा निवासी 31 वर्षीय चन्द्रेश कोर्राम पिता दौलत कोर्राम के रूप में हुई है। थाना में शिकायत करने पहुंचे चंद्रेश कोर्राम अपने मित्र निथलेश नाग के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 बीए 5168 में सवार होकर दंतेवाड़ा से अर्जुनी की ओर जा रहा था। इसी दौरान मनोज ढाबा रतेसरा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चारामा से कांकेर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक टीएन 30 सीएच 3029 के चालक ने तेज शेष पेज 12 पर

# बांसला में मिट्टी शिल्प प्रशिक्षण का आगाज, आधुनिक कला से जुड़ेंगे युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

ग्रामीण अंचलों की पारंपरिक कलाओं को सहेजते हुए उन्हें आधुनिक रोजगार से जोड़ने की दिशा में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड लगातार सार्थक पहल कर रहा है। इसी कड़ी में ग्राम बांसला में मिट्टी के बर्तन एवं मूर्ति निर्माण का 50 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर न केवल लुप्त होती टेराकोटा कला को पुनर्जीवित करेगा, बल्कि युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा। शुभारंभ अवसर पर ग्राम बांसला के पूर्व सरपंच विष्णु नायक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शेष पेज 12 पर



# देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना व परिक्रमा के साथ तीन दिनी वार्षिक मेले का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

तहसील सरोना का बहुप्रतीक्षित वार्षिक मेला एक बार फिर श्रद्धा, आस्था और ग्रामीण संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरते हुए परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से प्रारंभ हुआ। वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना और ढाई परिक्रमा के साथ मेले का शुभारंभ किया गया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रद्धा भाव से भाग लेकर क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता और धार्मिक आस्था का परिचय दिया।

पूजा-अर्चना संपन्न होने के उपरांत मेला आमजन के लिए विधिवत रूप से खोल दिया गया। इसके साथ ही मेला परिसर में सजे आकर्षक मीना बाजार एवं आकाश झूला का उद्घाटन किया गया, जो मेले का मुख्य आकर्षण बने हुए हैं। मीना बाजार में बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए खिलौने, घरेलू उपयोग की सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन, कपड़े सहित विभिन्न प्रकार की वस्तुएं उपलब्ध हैं। चटपटे व्यंजन और शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर लोगों की खास भीड़ देखी जा रही है। आकाश झूला में बैठकर लोग ऊंचाई से पूरे मेला परिसर और आसपास के क्षेत्र का मनोरम दृश्य देख रहे हैं, जिससे बच्चों के साथ-साथ बड़ों में भी खासा उत्साह नजर आ रहा है। मेले में दूर-दराज के क्षेत्रों से आए व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें सजा रखी हैं, जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर दैनिक उपयोग की लगभग हर आवश्यक वस्तु सहजता से उपलब्ध हो रही है और मेला स्थल पर रौनक बनी हुई है। मेला आयोजन को सुचारू और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए पंचायत द्वारा प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की आशंका न रहे। यह वार्षिक मेला तीन दिनों तक आयोजित शेष पेज 12 पर

**कथावाचक आशुतोष चैतन्य महराज ने कहा-संतोष धन के बिना सारी उपलब्धियां बेकार**

# भगवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाललीला पूतना वध और गोवर्धन धारण का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

ठेल्काबोड़ में चल रही भागवत कथा के पांचवे दिन अमरकंटक डिडौरी आश्रम के ब्रम्हचारी कथावाचक आशुतोष चैतन्य महराज ने भगवान कृष्ण की बाल लीला, पूतना वध, वणावर्त वध, वत्सासुर वध के अलावा गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाई।

आशुतोष चैतन्य महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि कंस ने जब यह जाना कि उसका वध श्रीकृष्ण के हाथों निश्चित है, तब उसने अनेक राक्षसों को बालक कृष्ण को मारने के लिए भेजा। इन्हीं में एक थी पूतना जो एक क्रूर राक्षसी, जो अपने स्तनों पर विष लगाकर नवजात शिशुओं को दूध पिलाने के बहाने उनका प्राण हर लेती थी। पूतना सुंदर स्त्री का रूप शेष पेज 12 पर



### कथा सुनने पहुँचे खास श्रद्धालु

कथा सुनने पांचवे दिन कथा सुनने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता महावीर सिंह राठौर, विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, पार्षद हितेंद्र खटवानी के के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक और जायसवाल परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### भगवान से स्वार्थ में किसी वस्तु की माँग नहीं करना चाहिए

कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज ने कहा कि भगवान को सच्चे मन से पुकारना चाहिए लेकिन मानव तो भगवान से स्वार्थ में मांग करता है। भगवान से कोई वस्तु की मांग नहीं करना चाहिए। मनुष्य में अज्ञानता के कारण संतोष नहीं है। मनुष्य को ब्रम्हांड की कितनी भी कीमती चीज दे दो फिर भी वह जीवन में दुखी रहेगा, क्योंकि उसे जीवन में संतोष नहीं है। संतोषी व्यक्ति को दुख कभी नहीं हो सकता। परमात्मा को अज्ञानता के कारण देख नहीं सकते क्योंकि अज्ञान रूपी पर्दा लगा हुआ है जो आंखो से दिखायी नहीं पड़ता है। परमात्मा सबको को देख रहा है लेकिन हम उनको देख नहीं सकते है।

## खबर संक्षेप



### महतारी वंदन योजना से श्यामबती बेटियों का भविष्य कर रही सुरक्षित

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल सिद्ध हो रही है। योजना से कोण्डागांव जिले के ग्राम पंचायत बनचपई की निवासी श्रीमती श्यामबती कोर्राम के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। योजना के अंतर्गत उन्हें प्रति माह एक हजार रुपये की सहायता राशि नियमित रूप से उनके बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। श्यामबती कोर्राम बताती हैं कि महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपनी दोनों बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के खाते में जमा कर रही हैं। इससे बेटियों की शिक्षा और भविष्य को लेकर उनकी चिंताएं काफी हद तक कम हुई हैं। आर्थिक सहयोग से श्यामबती अब पौष्टिक आहार भी ले पा रही हैं, जिससे पूरे परिवार के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। योजना ने उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 12वीं तक शिक्षित श्यामबती कोर्राम के लिए महतारी वंदन योजना आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत सहारा बनी है। यह योजना उन्हें न केवल आर्थिक संबल दे रही है, बल्कि सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी प्रदान कर रही है। श्यामबती कोर्राम ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में वास्तविक और सकारात्मक बदलाव ला रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का जिला सीईओ ने किया निरीक्षण

## माकड़ी व कोण्डागांव विखं में आवासों की प्रगति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत माकड़ी, उमरगांव एवं अमरावती में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित हितग्राहियों एवं पंचायत अमले को आवास निर्माण शीघ्र रने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत माकड़ी में सचिव के कार्यों में उदासीनता पाए जाने पर सचिव लक्ष्मण शोरी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए तथा आवास निर्माण की दैनिक प्रगति नियमित रूप से दर्ज करने को कहा गया। ग्राम पंचायत उमरगांव में निर्माण कार्य बंद पाए जाने पर सचिव घुड़ऊराम नेताम को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने एवं शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए गए।

### मनरेगा कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश

ग्राम रोजगार सहायक तिहारू राम नेताम को मनरेगा अंतर्गत पर्याप्त कार्य प्रारंभ कर मजदूरी मानव–दिवस बढ़ाने एवं कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया।



### हितग्राहियों से सीधा संवाद कर समस्याएं सुनी

इसी क्रम में विकासखण्ड कोण्डागांव के ग्राम पंचायत गिरोला सहित माकड़ी विकासखण्ड में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा आवास निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने हेतु हरसंभव सहयोग देने एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत माकड़ी गजेंद्र धुरडे, आवास समन्वयक तिलक शंकर सिन्हा सहित जनपद स्तरीय अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 7 साल के इंतजार के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिली टिकाऊ सड़क

# ढाई करोड़ की लागत से बनी सड़क का हफ्तेभर में हाल-बेहाल, उखड़ रहे डामर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव/ केशकाल

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जिसका मकसद गांवों को बेहतर सड़क और मजबूत कनेक्टिविटी देना है। लेकिन कोंडागांव जिले में यही योजना अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की पहचान बनती नजर आ रही है। बटराली से होनहेड तक लगभग 12.5 किलोमीटर लंबी सड़क, करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही है। लेकिन हैरानी की बात ये है कि सड़क बने अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ और डामर जगह-जगह से उखड़ने लगा है। हालात इतने खराब हैं कि हाथ लगाने भर से ही सड़क की परत निकल रही है, जो निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। तस्वीर अपनी कहानी खुद बयां कर रही है। ग्रामीण हाथ से डामर उखाड़ रहे हैं, मसलते ही गिट्टी और डामर अलग हो जा रहा है। यानी करोड़ों की लागत से बनी सड़क की मजबूती सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र सरकार पूरा बजट देती है, लेकिन ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया और गुणवत्ताहीन निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों में भारी नाराज़गी है। क्योंकि करीब 7 साल के इंतजार के बाद बनी यह सड़क भी टिकाऊ साबित नहीं हो पा रही है। लोगों की मांग है कि सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।

■ विभागीय लापरवाही या ठेकेदार की मनमानी, जांच की मांग हुई तेज





### विभाग को सूचना दिए बगैर शुरू हुआ था कामः ईई

वहीं पीएमजीएसवाय के कार्यपालन अभियंता बलराम ठाकुर का कहना है कि ठेकेदार ने विभाग को पूर्व सूचना दिए बिना कार्य शुरू किया था, जिस पर तत्काल नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि डामरीकरण से पहले आवश्यक सफाई नहीं की गई, जिसके कारण डामर उखड़ रहा है। ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि मेंटेनेन्स और रिन्यूअल कार्य में डामर एमल्सन और पूरी सफाई के साथ गुणवत्तापूर्ण काम किया जाए।

# साल भर बाद रिहा हुए लखमा, पूर्व विधायक संतराम नेताम के नेतृत्व में फूल-मालाओं से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल



पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के एक साल बाद जमानत पर रिहा होने पर शुक्रवार शाम ब्लॉक मुख्यालय केशकाल में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक संतराम नेताम के नेतृत्व में केशकाल स्थित बस स्टैंड मे आतिशबाजी कर फूल मलाओ से स्वागत किया गया। लखमा ने हाथ जोड़कर समर्थकों का अभिवादन किया और इसे सच्चाई की जीत करार दिया।

■ संतराम नेताम मेरे सुख दु:ख के साथी : लखमा

इससे पहले कवासी लखमा ने कहा कि मैं सबसे पहले देश की न्यायपालिका और सुप्रीम कोर्ट को बधाई देता हूं। मैं एक गरीब आदिवासी हूं, बस्तर की आवाज हूं और बस्तर के जल-जंगल-जमीन के मुद्दे उठाता रहा हूं। न्याय व्यवस्था पर मेरा भरोसा और मजबूत हुआ है। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद करता हूं। पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में दूध का दूध और पानी का पानी होगा। मैं जब तक रहूंगा, बस्तर के जल-जंगल-जमीन की लड़ाई लड़ता रहूंगा। संत नेताम ने कहा की आदिवासियों की बुलंद आवाज, पूर्व मंत्री एवं कोंटा विधायक श्री कवासी लखमा अंततः भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के चक्रव्यूह को भेदकर बाहर आए हैं। श्री लखमा के विरुद्ध भाजपा सरकार ने दुर्भावना और द्वेषपूर्ण कार्यवाही करते हुए बिना किसी सबूत उन्हें सालभर जेल में रखा लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दी जिसका स्वागत करते हैं।

### लखमा ने पूर्व विधायक संतराम नेताम की जमकर तारीफ

कवासी ने आगे कहा कि जब मैं जेल में था तब केशकाल के पूर्व विधायक संतराम ने मुझसे मिलने कई बार जेल आकर मेरा हाल-चाल जाना, इसके लिए मैं उनका दिल से धन्यवाद करता हूं। संत नेताम मेरे सुख दुख के साथी है।

# वाई-फाई प्रदाता, कंप्यूटर व चॉइस सेंटर संचालकों की बैठक में दिए सुरक्षा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कोंडागांव पुलिस द्वारा विशेष पहल करते हुए वाई–फाई प्रदाताओं, कंप्यूटर सेंटर एवं चॉइस सेंटर संचालकों की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा भापुसे के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा तथा उप पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र पुजारी के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय एवं साइबर टीम ने बैठक आयोजित की। इसमें बताया गया कि साइबर अपराधी अक्सर सार्वजनिक वाई–फाई का उपयोग कर धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं तथा ठगी की रकम निकालने के लिए बैंक खातों का दुरुपयोग करते हैं।

■ साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर हुई चर्चा

### पब्लिक वाई–फाई और बैंक खातों के दुरुपयोग से रहें सतर्क

बैठक में बताया गया कि साइबर अपराधी पब्लिक वाई–फाई और चॉइस सेंटर के खातों का उपयोग म्यूल अकाउंट के रूप में कर रहे हैं। इसके साथ ही कंप्यूटर सेंटरों का भी कई प्रकार के ऑनलाइन अपराधों में इस्तेमाल होने की आशंका जताई गई।

### सुरक्षा के लिए दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

पुलिस अधिकारियों ने सभी संचालकों को वाई–फाई पासवर्ड मजबूत रखने, समय–समय पर पासवर्ड बदलने तथा किसी अनजान व्यक्ति से पासवर्ड साझा नहीं करने की सलाह दी। इसके अलावा चॉइस सेंटर संचालकों को बैंक लेन–देन का रजिस्टर अनिवार्य रूप से संधारित करने तथा कंप्यूटर सेंटर संचालकों को उपयोगकर्ताओं का पूरा विवरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

### जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा उपाय

कोंडागांव पुलिस ने कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्कता और सही जानकारी बेहद जरूरी है। पुलिस प्रशासन ने सभी सेवा प्रदाताओं से सहयोग की अपील करते हुए आम नागरिकों को भी साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी।



### विदोश चंदेल बने श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष

**केशकाल।** छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ क्री प्रदेश तदर्थ कमेटी कै सदस्यगण इन्दर कोटवानी, श्री मनोज गोस्वामी, अनिल अग्रवाल एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बीडी निजामी, पूर्व प्रदेश सलाहकार विजय लाडगे, क्री ग उपस्थिति में कोंडागांव वनमंडल के ऑक्सन हॉल में संघ की कोंडागांव जिला इकाई का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यो द्वारा सर्वसम्मति से विदोश चंदेल को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं उपाध्यक्ष गजेंद्र राठौर व जुनैद पारेख जिलामहासचिव धंसराज टंडन कोषाध्यक्ष जितेंद्र सुराना संगठन सचिव श्याम सिंह जिला सचिव दीपक वैष्णव जिला सह-सचिव अशफाक मेमन को नियुक्त किया गया। इस दौरान श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ जिला कोंडागांव के प्रमुख सलाहकार के शशिधरन, मगराज गोयल, विधिक सलाहकार रजनीश द्विवेदी व कार्यकारणी सदस्य सुरेंद्र सोनपीपरे विश्वजीत मल्लिक रमाकांत सिन्हा बंटी शर्मा मुकेश राठौर राजेश साहू अनिल पाहुजा राजा गोयल शाहिद मेमन पोखराज सिन्हा रोशन सेन अकीब नथानी राजमन नाग शिवलाल मरकाम प्रदीप नेताम संतोष जायसवाल ताराचंद सेठिया रवीन्द्र पांडे का गठन किया गया।

# सरस्वती साइकिल योजना के तहत बालिकाओं को मिली साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूलमुला में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित निरूशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा 9वीं की बालिकाओं को साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य माननीय नंदलाल राठौर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 व विशिष्ट अतिथि के रूप में भगवती नेताम सभापति उपस्थित रहीं। अतिथियों के करकमलों से बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निरूशुल्क साइकिल योजना संचालित की जा रही है, जिससे छात्रओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा मिले और वे नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण कर सकें। माननीय अतिथियों ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं, जो शिक्षा का ही परिणाम है। बालिकाओं को शिक्षित कर समाज को सशक्त बनाया जा सकता है।

■ कक्षा 9वीं की छात्राओं के लिए हुआ वितरण समारोह

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में उपसरपंच तुलजू पटेल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष तिलकचंद देवांगन, प्राचार्य रमेश कुमार सोनपिपरे, ग्राम लेमडी के उपसरपंच नारायण मरकाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में साइकिल वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# वनों में अतिक्रमण रोकने रखें निगरानी, ग्रामीणों की भागीदारी और समय पर सूचना देने पर सहमति

**कोण्डागांव।** वनमण्डल अंतर्गत समस्त वन प्रबंधन समितियों की 4 फरवरी से दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा एवं वनों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर सामूहिक चर्चा कर प्रभावी समाधान तय करना रहा। बैठक में वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों द्वारा लाभांश राशि के उपयोग, कूप विदोहन से संबंधित विषयों एवं इससे जुड़ी समस्याओं और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वनों को आग से बचाने के उपायों, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा गर्मी के मौसम में सतर्कता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।



## पेज 11 के शेष

### मुर्गे के नाम पर...

ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों और बांस के डंडे से राजेन्द्र पर हमला कर दिया। इस मारपीट में राजेन्द्र के माथे, सीने, पीठ, दाहिने हाथ के अंगूठे और बाएं हाथ की कोहनी के पास चोटें आई हैं। घायल अवस्था में वह किसी तरह थाने पहुंचा और पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि छोटे-छोटे विवाद किस तरह पारिवारिक रिश्तों में कड़वाहट और हिंसा का कारण बनते जा रहे हैं।

### कोदागांव-पोटगांव मार्ग...

के प्रभारी छत्रपाल साहू से इस विषय पर जानकारी चाही, परंतु वे नहीं बता पाएं और बताया कि प्रधान आरक्षक रावटे घटनास्थल गए थे। प्रधान आरक्षक से इस विषय पर विस्तृत जानकारी चाही गई, उन्होने बताया कि अभी एफआईआर नहीं हुआ है, मर्ग कायम की कार्यवाही की जा रही है। एफआईआर होने के बाद ही विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

### एनएच 30 पर...

गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से मोटर सायकल को टक्कर मार दी। हादसे में चन्द्रेश कोर्राम को गंभीर चोटें आईं। घायल को दलाज के लिए सीएचसी चारामा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर थाना चारामा पुलिस द्वारा ट्रक चालक के विरुद्ध धारा 281 एवं 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### बांसला में मिट्टी...

जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड कोंडागांव के प्रभारी रामधन खूंटे ने बताया कि बांसला में 6 फरवरी से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 मार्च तक चलेगा। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य पारंपरिक टेराकोटा कला को आधुनिक तकनीक से जोड़कर बाजार की मांग के अनुरूप विकसित करना है। 50 दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र के 20 महिला एवं पुरुष प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं। उन्हें बर्तन निर्माण के लिए उपयुक्त मिट्टी के चयन, मिट्टी तैयार करने की वैज्ञानिक विधि, चाक पर बर्तन बनाना, विभिन्न प्रकार की मूर्तियों एवं सजावटी वस्तुओं के निर्माण की बारीक जानकारियाँ दी जाएंगी। इसके साथ ही वर्तमान बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शो-पीस और उपयोगी उत्पाद तैयार करना भी सिखाया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर का प्रायोजन विकास आयुक्त हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है, जबकि आयोजन छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के माध्यम से संपन्न हो रहा है। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी अनुभवी डिजाइनर कौशिक घोष एवं प्रशिक्षक परमेश्वर चक्रधारी संभाल रहे हैं, जो प्रतिभागियों को मिट्टी की कलाकारी के नए आयामों से परिचित करा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मिश्री लाल चक्रधारी, गणेश चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### देवी-देवताओं की...

किया जाएगा, जिसमें सरोना सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर मेले का आनंद उठाएंगे। इस अवसर पर यशवंत सुरोजिया, उपसरपंच दिनेश सहारे, अजय हिरवानी, ठाकुर ओम वटटी, मोहन नेताम, सुरेश साहू, टीआई मालिक राम निषाद सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### भगवत कथा में...

धारण कर गोकुल पहुँची। यशोदा मैया के घर पहुँचकर उसने बालक कृष्ण को गोद में उठा लिया। जैसे ही उसने विष मिला दूध पिलाया, भगवान श्रीकृष्ण ने उस दूध के साथ-साथ पूतना का प्राण भी खींच लिया। पूतना अपने वास्तविक राक्षसी स्वरूप में धरती पर गिर पड़ी और उसका अंत हो गया। पुतना के जलाने से दुर्गंध की जगह चंदन की महक आने लगी, क्योंकि पूतना ने भगवान कृष्ण को अपने हृदय से लगाकर स्तनपान कराया था। कंस ने भयानक असुर शकटासुर को भेजा। इस असुर ने छलपूर्वक बैलगाड़ी (शकट) का रूप धारण किया और गोकुल में नंदबाबा के आंगन के पास खड़ा हो गया। उस समय नंदोत्सव का माहौल था। यशोदा मैया और गोकुल की गोपियाँ उत्सव में व्यस्त थीं। बालक श्रीकृष्ण को एक पेड़ के नीचे लिटा दिया गया था और उसी के पास वह बैलगाड़ी खड़ी थी। किसी को भी यह आभास नहीं था कि यह साधारण गाड़ी नहीं, बल्कि एक भयानक असुर है। कुछ समय बाद बालक कृष्ण रोने लगे। यशोदा मैया उन्हें उठाने ही वाली थीं कि तभी श्रीकृष्ण ने अपने कोमल चरणों से बैलगाड़ी पर हल्का-सा प्रहार किया। बस इतना होते ही वह बैलगाड़ी जोरदार आवाज के साथ टूटकर बिखर गई, उसी क्षण शकटासुर का अंत हो गया। गोपियाँ और नंदबाबा यह देखकर आश्चर्य में पड़ गए। कांकेर एकल विधालय परिवार ने 6 फरवरी की रात भजन कीर्तन किया। 7 फरवरी को आरती के बाद एकल विधालय परिवार से जुड़ी बहनो ने सुंदरकांड किया। भागवत के दौरान सभी श्रध्दालुओं को तिलक लगाया। 8 फरवरी की रात कोंडांगाव व केशकाल से पहुंची पहुंची पार्टी जगराता करेगी।

### इच्छापुर में कल...

आयोजित की जाएंगी। उत्कृष्ट पशुओं के पालकों को समारोह में पुरस्कृत भी किया जाएगा। विभाग ने क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों को इस प्रदर्शनी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

## सरकार की योजनाओं का छात्र- छात्राएं उठाएं लाभः उसेंडी

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व सांस्कृतिक संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को संयुक्त छात्रावास एकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सुविधा विस्तार और सांस्कृतिक संरक्षण को प्रोत्साहित करना रहा।

■ संयुक्त छात्रावास में एकता दिवस में पहुंची विधायक और कलेक्टर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेंडी ने केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी। सभी से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि राज्य शासन की सरस्वती सायकल योजना बेटियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस योजना से छात्राओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा मिलती है। जिससे उनकी उपस्थिति बढ़ती है और पढ़ाई में निरंतरता बनी रहती है। उन्होंने इसे बेटियों की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। सुश्री उसेंडी ने कहा कि बस्तर की आदिम संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य शासन द्वारा बस्तर संभाग के सभी जिलों में बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है, जिससे बस्तर की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, नगरपालिका परिषद कोंडागांव अध्यक्ष नरपति पटेल, जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधिगण, आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त —पेंद्र तिवारी, छात्रवास के विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।




### छात्रावासों की स्वच्छता और व्यवस्था का किया निरीक्षण

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी छात्रावासों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि जिले का बालिका छात्रावास अत्यंत सुंदर है। यदि सभी छात्रावास इसी तरह स्वच्छ व सुव्यवस्थित रहें तो यह जिले की पहचान बन सकते हैं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा यह आपका छात्रावास है, यह आपका बगीचा है, इसका सही उपयोग करें और इसे स्वच्छ बनाए रखें। उन्होंने आगामी छात्रावास दिवस पर विद्यार्थियों से बस्तर की आदिवासी संस्कृति को वेशभूषा के माध्यम से प्रदर्शित करने की अपेक्षा भी जताई।

**खबर संक्षेप**

## रिटायर्ड डीआईजी को मिली संविदा, बने ओएसडी



**रायपुर।** सेवानिवृत्त डीआईजी कमलोचन कश्यप को राज्य शासन ने संविदा नियुक्ति का आदेश जारी किया है। उन्हें अब पुलिस मुख्यालय में विशेष कर्व्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) नियुक्त किया गया है। राज्य शासन गृह विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि यह संविदा नियुक्ति एक वर्ष की अवधि या आगामी आदेश तक जो भी पहले हो, के लिए प्रदान की गई है। संविदा सेवा की शर्तें बाद में अलग से जारी की जाएगी।

## प्रदेश कांग्रेस की सचिव निवेदिता ने दिया इस्तीफा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस की सचिव डा. निवेदिता चटर्जी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर पार्टी छोड़ने की बात कही है। पत्र में उन्होंने उपेक्षा का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वे 2014 से पार्टी पार्टी में सचिव का दायित्व मिला हुआ था। इस पद में 11 साल निकाला। कोई भी जिम्मेदारी मिली अच्छे से निभाया, योगदान दिया पर मैं सचिव ही रह गयी।

## नेशनल टैगोर फैलोशिप, छग से पहले अध्येता बने अशोक

**रायपुर।** वरिष्ठ संस्कृति एवं संग्रहालय विशेषज्ञ अशोक तिवारी



को भारत सरकार की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय टैगोर शोधवृत्ति के लिए चयनित किया गया है। उन्हें यह शोधवृत्ति छत्तीसगढ़ की लोक एवं जनजातीय चित्रकला और मूर्तिकला पर गहन अध्ययन के लिए दी जा रही है। उनके शोध का विषय है सेक्रेड एंड डेकोरेटिव पॉइंटेड एंड स्कल्प्टेड फोक एंड ट्राइबल आर्ट ऑफ छत्तीसगढ़। फेलोशिप की अवधि दो वर्ष निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि टैगोर फेलोशिप सांस्कृतिक अनुसंधान के क्षेत्र में देश की सबसे प्रतिष्ठित शोधवृत्तियों में से एक है। अशोक तिवारी छत्तीसगढ़ से इस फेलोशिप के लिए चयनित होने वाले पहले शोधार्थी हैं। वर्तमान में वे सीवी. रमन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

## नहरों के विस्तार के लिए 5.33 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा गरियाबंद लिले की दो सिंचाई योजनाओं की नहरों के विस्तारीकरण कार्य के लिए 5 करोड़ 33 लाख 09 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। स्वीकृत कार्यों में विकासखण्ड-गरियाबंद की सिकासार से कोडार लिंक परियोजना से झलप तक नहर विस्तारीकरण का सर्वेक्षण कार्य हेतु 2 करोड़ 87 लाख 51 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## वाट्सएप नंबर पर भी अब बिजली बिल भेजा जाएगा

**रायपुर।** प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अब उनके वाट्सएप नंबर पर बिल भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं ऊर्जा सचिव व डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के निर्देशन में पॉवर कंपनी उपभोक्ताओं की सुविधाओं में लगातार वृद्धि कर रही है। इसी कड़ी में सुविधा शुरू कर दी गई है। प्रदेश में 65 लाख उपभोक्ता हैं, जिसमें से 40 लाख उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर कंपनी में रजिस्टर्ड हैं।

# यूरिया उपचार से साधारण चारे को पौष्टिक आहार में बदल रहे कृषि वैज्ञानिक

### पराली जलाने की समस्या का वैज्ञानिक समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वर्तमान दौर में जहां एक ओर जलवायु परिवर्तन और पशु चारे की कमी पशुपालकों के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर फसल कटाई के बाद पराली (पैरा) जलाने से पर्यावरण को हो रहे नुकसान ने राष्ट्रीय चिंता का रूप ले लिया है। इन दोनों समस्याओं के समाधान और किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। महाविद्यालय ने किसानों से अपील की है कि वे खेतों में पैरा जलाने के बजाय उसका वैज्ञानिक विधि से यूरिया उपचार कर उसे पशुओं के लिए पौष्टिक आहार में परिवर्तित करें।

एक सर्वेक्षण के आंकड़ों का हवाला देते हुए वैज्ञानिकों ने बताया कि भारत में पशुओं के लिए हरे और सूखे चारे की भारी कमी है, जिसका सीधा असर पशुओं के स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन पर पड़ता है। इसी कमी को दूर करने के लिए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.एस. नेताम के निर्देशानुसार ग्रामीण कृषि कार्य



अनुभव रावे कार्यक्रम के तहत कृषि छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। लर्निंग बाय डूइंग सिद्धांत का पालन करते हुए सहायक प्राध्यापक डॉ. नीता मिश्रा ने विद्यार्थियों को पैरा यूरिया उपचार की विधि का जीवंत प्रदर्शन करके दिखाया।

इस प्रक्रिया के तहत एक क्विंटल कुट्टी किए हुए पैरे पर चार प्रतिशत यूरिया के घोल का परत-दर-परत छिड़काव किया जाता है और उसे अच्छी तरह मिलाकर तीन सप्ताह के लिए वायुरहित स्थिति में दबाकर रखा जाता है। तीन सप्ताह बाद इसे हवा में सुखाकर पशुओं को खिलाया जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, साधारण पैरे में सिलिका और ऑक्सालेट जैसे तत्वों के कारण पशुओं को पर्याप्त पोषण और कैल्शियम नहीं मिल पाता, लेकिन यूरिया उपचारित पैरे में प्रोटीन की मात्रा बढ़कर छह से आठ प्रतिशत तक हो जाती है। यह प्रक्रिया चारे के कठोर बंधनों को तोड़कर उसे सुपाच्य बनाती है। इस विधि को अपनाने से न केवल पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर होता है और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होती है, बल्कि यह किसानों के लिए बेहद सस्ता और सरल उपाय भी है।

### नियद नेल्लानार ग्राम मुलेर में डिजिटल बैंकिंग से सशक्तिकरण की पहल

# दुर्गम क्षेत्र की महिलाओं ने सीखा मोबाइल व ऑनलाइन बैंकिंग का व्यवहारिक उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित 'विज्ञान एवं समाज' कार्यक्रम के अंतर्गत नियद नेल्लानार योजना क्षेत्र के ग्राम मुलेर,ब्लॉक कुआकोंडा में महिलाओं एवं स्व–सहायता समूहों के लिए डिजिटल एवं मोबाइल बैंकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय,जगदलपुर के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में दुर्गम और पहुंचविहीन क्षेत्र होने के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मोबाइल फोन के माध्यम से डिजिटल लेन-देन,बैंकिंग सेवाओं की समझ और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार की जानकारी दी गई, जिससे वे आत्मनिर्भर होकर सरकारी योजनाओं एवं बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी महिलाओं को मोबाइल बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, बैंक खाते से जुड़ी जानकारी, सरकारी योजनाओं की राशि की ऑनलाइन जांच, बीसी सखी की भूमिका तथा सुरक्षित डिजिटल सेवाओं के उपयोग का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कई महिलाओं के पास उपलब्ध एंड्रॉइड मोबाइल पर प्रत्यक्ष अभ्यास कराते हुए ऑनलाइन बैंकिंग की प्रक्रिया समझाई गई,जिससे डिजिटल माध्यमों को लेकर उनका संकोच दूर हुआ। इस पहल को ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

#### डिजिटल साक्षरता आत्मनिर्भरता की ओर कदम

'विज्ञान एवं समाज' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित यह प्रशिक्षण नियद नेल्लानार क्षेत्र की महिलाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास सिद्ध हुआ। मोबाइल और डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से महिलाओं को न केवल समय और संसाधनों की बचत का मार्ग मिला, बल्कि वे अब सुरक्षित लेन-देन,योजनाओं की जानकारी और आर्थिक निर्णयों में अधिक आत्मविश्वास के साथ भागीदारी कर सकेंगी। प्रशिक्षण ने ग्रामीण सशक्तिकरण और समावेशी विकास की सोच को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान की।

#### बैंक के और पंचायत के प्रतिनिधि सम्मलित थे

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव गुहे के उद्बोधन से हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के लीड बैंक मैनेजर (दंतेवाड़ा) शिव बघेल, शाखा प्रबंधक (नकुलनार) रंजीत पासवान तथा शासकीय महाविद्यालय कुआकोंडा के सहायक प्राध्यापक भीमपाल रंगारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ अतुल त्रिवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मुलेर की सरपंच गंगी माड़वी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच माड़वी माडा मौजूद रहीं। प्रशिक्षण की सफलता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों शिवकुमार पुजारी, महेश कुमार, लखमा मंडावी एवं भुवनेश्वर कश्यप का योगदान रहा।

### सरगीपाल काष्ठागार में लगी आग

# ढाई लाख की जलाऊ लकड़ी जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला मुख्यालय से सटे सरगीपाल स्थित न्यू केन्द्रीय जलाऊ डिपो में शनिवार की दोपहर अचानक आग लगी, जिससे वन विभाग का लगभग ढाई लाख रूपए की जलाऊ लकड़ी स्वाहा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 फरवरी की दोपहर लगभग 3.30 बजे अचानक थप्पी से आग की लपटे दिखाई दी। चौकीदार मुन्ना ठाकुर इस दरमियान मौके के आसपास ही थे। उनके द्वारा जलाऊ डिपो प्रभारी जया नेताम वनपाल एवं सहायक डिपो प्रभारी मन्सूर अली चिश्ती वनरक्षक को सूचना दिया। सूचना मिलते ही चिश्ती ने अग्नि शमन को 112 के माध्यम से सूचना दी। काष्ठागार अधिकारी इन्द्रनाथ भारद्वाज वन क्षेत्रपाल एवं संजय देव टिम्बर रिकार्डर ने उप वन मण्डलाधिकारी आईपी बंजारे को बताया, सूचना मिलते ही एसडीओ मौके पर पहुंच गए। अग्नि शमन यंत्र की चार वाहन मौके पर पहुंच कर आग को बुझाना प्रारम्भ किया, जो लगभग 6.30 बजे संध्या तक अग्नि पर पूरी तरह काबु पा लिया गया। उसके काष्ठागार अधिकारी ने बोधघाट पुलिस थाना को दी और इस पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

# कोरर में राज्य स्तरीय पुरुष-महिला कबड्डी स्पर्धा का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कोरर में राज्य स्तरीय पुरुष महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के संयोजक बीरेश ठाकुर ने बताया कि ग्राम के वार्षिक मेला व ग्राम के दिवंगत वरिष्ठ नागरिकों की स्मृति में युवा समिति कोरर के तत्वाधान में इस प्रतियोगिता का आयोजन लगातार 11 वर्षों से किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 फरवरी को किया गया, जिसमें सर्वप्रथम ग्राम के दिवंगत वरिष्ठ नागरिकों के छाया चित्र पर पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर शुभांरभ किया।

■ यह प्रतियोगिता का आयोजन लगातार 11 वर्षों से किया जा रहा है

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पुरुष 51000, महिला 31000, द्वितीय पुरस्कार पुरुष 31000, महिला 21000, तृतीय पुरस्कार पुरुष 21000, महिला 11000 रुपए तथा अन्य आकर्षक विशेष पुरस्कार रखा गया है, जिसमें बेस्ट रीडर पुरुष 3000 रुपए, महिला 2000 रुपए, बेस्ट कैचर पुरुष 3000 रुपए, महिला 2000 रुपए, बेस्ट अनुशासित खिलाड़ी 3000 रुपए आदि रखा गया है। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीबीएस ठाकुर रिटायर्ड आईपीएस, विशिष्ट अतिथि राकेश ठाकुर रिटायर्ड बीएसपी भिलाई, प्राचार्य रश्मि ठाकुर, प्रफुल ठाकुर पुलिस अधीक्षक जिला शक्ति, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत हेमंत ध्रुव, विजय ठाकुर एसडीओपी बिलाई सारंगढ़, नाजिम भाई, मिठ्ठु भाई, विक्रम सिंह, उत्तम ठाकुर आदि के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजन समिति कोरर के सदस्यजन नंदकिशोर राठी, अनुपम जोफर, राजेन्द्र नेताम, अमित ठाकुर, राहुल ठाकुर, शिवा शुक्ला, राघवेन्द्र राजपूत, अकरम कुरैशी, सईद कुरैशी, दुष्यंत सोनकर, सेवक राम, किसन पुरामे, गांधी टेकाम, प्रशांत सिन्हा, पुखराज कोसमा, सुशांत राजपूत, जितेन्द्र असरानी, केवल कुंजाम, उद्घोषक अशोक यादव सहित मैच रैफरी, खिलाड़ीजन, एनसीसी छात्र व ग्रामीजन दर्शक उपस्थित रहे।

# दुर्गूकोंदल में रोजगार दिवस मनाया, 150 श्रमिकों को रोज मिल रहा काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत रोजगार दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल की सरपंच शकुंतला नरेटी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। रोजगार दिवस के अवसर पर सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने रोजगार गारंटी के तहत पंचायत क्षेत्र में कार्य कर रहे मजदूरों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद किया तथा योजना की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि वर्तमान में ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल में प्रतिदिन लगभग 150 मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। पंचायत द्वारा लगातार रोजगार उपलब्ध होने से मजदूरों में खुशी एवं उत्साह देखा गया। मजदूरों ने कहा कि नियमित काम मिलने से परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है और उन्हें गांव में ही रोजगार मिल रहा है। इस अवसर पर सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्रामीण मजदूरों को रोजगार की गारंटी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत मजदूर को प्रति वर्ष 125 दिनों तक कार्य उपलब्ध कराने का प्रावधान है। साथ ही मजदूरों को वर्तमान में प्रतिदिन 261 रुपये मजदूरी राशि प्रदान की जा रही है।

सरपंच ने मजदूरों से अपील की कि वे समय पर कार्यस्थल पर उपस्थित होकर कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें, ताकि गांव के विकास कार्य तेजी से पूरे हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत की प्राथमिकता है कि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को रोजगार मिले और उन्हें बाहर पलायन न करना पड़े। रोजगार दिवस कार्यक्रम में ग्राम पटेल लालजी दुग्गा, उपसरपंच तामेशवरी जैन, वार्ड पंच अशवतीन मंडावी सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया और रोजगार योजना के प्रति सकारात्मक माहौल बना रहा।

# शी-बॉक्स पोर्टल को लेकर जिले में जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में शी-बॉक्स पोर्टल को लेकर जिला-स्तरीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत जिला चिकित्सालय, शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न विभागों में महिला कर्मचारियों और अधिकारियों को शी-बॉक्स पोर्टल की जानकारी दी जा रही है। अभियान का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वय से किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को बताया गया कि शी-बॉक्स पोर्टल केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से महिलाएं कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें ऑनलाइन, गोपनीय और सुरक्षित तरीके से दर्ज कर सकती हैं। इससे शिकायतों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण में सहायता मिलती है।

अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान केवल किसी एक विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे बीजापुर जिले में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक कार्यरत महिला को उसके अधिकारों की जानकारी मिल सके। जिला प्रशासन ने सभी विभागों से अपील की है कि वे महिलाओं के प्रति सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील कार्यस्थल के निर्माण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

## दिवंगत लेखापाल के परिजनों को दी 50 हजार की सहायता

**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में पदस्थ लेखापाल श्रीकांता प्रसाद ठाकुर के निधन के पश्चात जनपद पंचायत द्वारा उनके परिजनों को राज्य शासन के नियमानुसार 50 हजार रुपए की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई। जनपद पंचायत अधिकारियों द्वारा दिवंगत कर्मचारी के परिवार को यह राशि सौंपते हुए उन्हें ढांढस बंधाया गया तथा परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। सहायता राशि प्रदान करते समय दिवंगत श्रीकांता प्रसाद ठाकुर की धर्मपत्नी एवं उनके बच्चे भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि राज्य शासन द्वारा निर्धारित अनुग्रह राशि का उद्देश्य कठिन समय में परिवार को तात्कालिक सहयोग प्रदान करना है। जनपद पंचायत द्वारा दिवंगत कर्मचारी के परिवार के साथ हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया गया। इस अवसर पर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार बंजारे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, कारोपण अधिकारी आरके किशोरे, लेखापाल परमानंद नेताम एवं सहायक ग्रेड 2 कन्हैया सिंह सोरी उपस्थित रहे।



# महापौर-आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त विश्वदीप ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में बैठक ली। इसमें उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 की प्रभावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने नवीन संकेतकों एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर आधारित सह प्रशिक्षण बैठक में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर निगम का समस्त मैदानी अमला शहर के सभी जोनों में स्वच्छता स्तर, दर्शनीय स्वच्छता तथा जनभागीदारी को प्राथमिकता देते हुए कार्य करे। विशेष रूप से लक्षित स्कूलों में स्वच्छता गतिविधियाँ संचालित करने एवं प्रत्येक वार्ड में वार्ड स्तरीय स्वच्छता चैम्पियन तैयार करें तथा लोगों को स्वच्छ आदतों के लिए प्रेरित करें।



## जनजातीय संग्रहालय फेस-2 का निर्माण जल्द होगा शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय फेस-2 निर्माण के लिए जल्द ही कार्य प्रक्रिया शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही कन्वेंशन सेंटर का भी निर्माण किया जाएगा। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान स्थित सभाकक्ष में आर्किटेक्ट, इंजीनियर्स, आर्टिस्ट एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की से जंगल छेड़छाड़ आरोपी गया जेल



**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ एवं बेइज्जती करने के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 6 फरवरी को पीड़िता के परिजन द्वारा थाना कांकेर में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी कोहिल साहू द्वारा नाबालिग लड़की को जंगल ले जाकर बेइज्जती व छेड़छाड़ की गई। इस पर थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 55/2026 धारा 74, 75(2) बीएनएस एवं 8 पोक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी नरहरपुर थानांतर्गत सारवंडी निवासी 20 वर्षीय कोहिल साहू पिता स्व. बहादुर साहू को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़कर थाना लाया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पीड़िता को नाबालिग जानते हुए छेड़छाड़ की नीयत से जंगल ले जाना स्वीकार किया। अपराध स्वीकार करने के पश्चात आरोपी को 7 फरवरी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### हाईवा वाहनों से रेत परिवहन के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में धड़ल्ले से हाइवा वाहनों से रेत परिवहन हो रहा है। सड़कें खराब हो रहे है एवं इसे रोकने के लिए कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष और गोड़ समाज, सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन सोनादई गांव में शुरू किया गया है। धरना प्रदर्शन में गोड़ समाज ब्लाक अध्यक्ष झाड़ूराम उयका, सर्व आदिवासी समाज ब्लाक अध्यक्ष नंदकिशोर नेताम, हरेश रावटे, तुषार ठाकुर, दीनदयाल पटेल, भुनेश नरेटी, राजू सिंघोड़िया, सरपंच बसंती भालेश्वर, सियाराम दर्रो, जागेश्वर कोमरा, रामरतन नेताम, नरेश पोटाई, जीतू नरेटी शामिल रहे।

### पतंजलि योग समिति की आज बैठक

**धनेलीकन्हार।** पतंजलि योग समिति जिला कांकेर की बैठक आज 8 फरवरी रविवार को 12 बजे से इंदरू केवट गर्ल्स कालेज में छत्तीसगढ़ राज्य पतंजलि कार्यकारिणी सदस्य इला हरि प्रसाद राव की उपस्थिति में आयोजित किया गया है। बैठक में जिला एवं तहसील के समस्त नव चयनित पदाधिकारियों का परिचय व सम्मान के अलावा आनलाइन सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण आयोजन पर चर्चा और सभी तहसीलों में योग शिविर आयोजन वह योग के विस्तार पर चर्चा की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में पतंजलि से जुड़े सभी पदाधिकारियों व योग के विस्तार में सतत प्रयत्नशील नियमित योग साधकों की उपस्थिति की अपील की गई है।

### मंगहूर में महिला और पुरुष कबड्डी स्पर्धा 8 से 10 तक

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगहूर बड़गांव में नव युवक-युवती समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय ओपन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन 08 से 10 फरवरी तक किया जाएगा, जिसमें महिला प्रो-कबड्डी, पुरुष कबड्डी, पुरुष वॉलीबॉल एवं पुरुष खो-खो प्रतियोगिता शामिल रहेगी। समिति के अनुसार प्रथम पुरस्कार 16001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 8001 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 3001 रुपए रखा गया है। महिला कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 2501 रुपए रखा गया है। पुरुष वॉलीबॉल में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2501 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए रखा गया है। पुरुष खो-खो में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2501 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए रखा गया है। समिति ने बताया कि 30 किमी दूर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था रहेगी। नियमों के अनुसार विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय अंतिम होगा।

## निधन

### आत्माराम नागवंशी



**दुर्गुकोंदल।** तहसील कार्यालय दुर्गुकोंदल में पदस्थ आत्माराम नागवंशी सहायक ग्रेड-02 का लंबे समय से अस्वस्थ होने के कारण 7 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया है। दिवंगत आत्मा का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम बैजनपुरी कोरर में किया जाएगा।

# दमकसा स्कूल में परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण

## विद्यार्थियों को मिला तनावमुक्त परीक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के छात्र-छात्राओं को परीक्षा के तनाव से दूर रहने हेतु दिए गए प्रेरक संदेश का सभी टीवी चैनलों के माध्यम से प्रसारण विद्यालय में देखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर भय, दबाव और तनाव से मुक्त कर आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ तैयारी के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्राचार्य हेमलता वाडिवा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्राचार्य ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना और परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि परीक्षा जीवन का स्वाभाविक चरण है, इसे डर का कारण नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि परीक्षा किसी विद्यार्थी की संपूर्ण क्षमता का पैमाना नहीं होती, बल्कि यह आत्ममूल्यांकन का अवसर है। प्रधानमंत्री ने समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, योग, ध्यान, खेलकूद और सकारात्मक सोच को परीक्षा तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी तुलना दूसरों से न करने और अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार लक्ष्य तय करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सफलता का वास्तविक मार्ग है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और प्रेरणा का माहौल देखा गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह भी बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाते हैं और उन्हें तनावमुक्त होकर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा देते हैं।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बीरेंद्र देहारी, तोरण दुग्गा, शिक्षकगण विजय गोटा, सुरेंद्र लकड़ा, पंचराम करपाल, अश्विनी शंकर टांडिया, मनोज डरियो, विमल बालेश्वर, श्रद्धा ठाकुर, संगीता छेड़िया, सीमा चौधरी, राधिका कोडपी, खुशबू ध्रुव, नीता नायक, योगेश्वर गावडे, मोहन गुरुवर, देवानंद सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विखं की ग्राम पंचायतों में मनरेगा रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण और मनरेगा कार्यों की हुई समीक्षा

जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के अंतर्गत रोजगार दिवस तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करना, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना रहा।

आयोजन के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों की स्थिति की समीक्षा की गई और साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 90 दिवस के मस्टर रोल, मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति, मजदूरी भुगतान की स्थिति, योजना से संबंधित समस्याओं तथा शासन द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई।



इस अवसर पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को कोड के माध्यम से योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया और साथ ही विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के उद्देश्यों एवं प्रावधानों की जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि यह मिशन विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी गैंदलाल चुरेंद्र ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख को सभी ग्राम पंचायतों में चावल उत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया जाना है, ताकि सभी ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की सही एवं समय पर जानकारी प्राप्त हो सके और वे योजनाओं का लाभ उठा सकें। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण अंतर्गत चावल महोत्सव के अवसर पर ग्राम पंचायत स्तर एवं जनपद पंचायत स्तर पर ग्राम के सरपंच, उप सरपंच वार्ड पंच जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में तथा गांव के गाता पटेल मांझी के सहयोग से चावल उत्सव के इस अवसर पर रोजगार दिवस एवं आवास दिवस मनाया गया। यह आयोजन ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों को योजना के प्रमुख लाभों से अवगत कराया जाना है और उनसे सीधा संवाद स्थापित करना है। रोजगार भी विकास भी के नारे के साथ छत्तीसगढ़ में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण यानी वीबी राम जी योजना ग्रामीण श्रमिकों को मजबूत बनाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

यह योजना मनरेगा की जगह लेते हुए ग्रामीण परिवारों को अधिक से अधिक रोजगार बेहतर आए और स्थाई विकास के अवसर प्रदान करेगी। ग्राम पंचायत जतावाड़ा के आवास दिवस में संतलाल गोंटा सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत सम्मिलित हुए। संतलाल गोटा के द्वारा हितग्राहियों को आवास निर्माण का कार्य अति शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया और साथ ही वहां उपस्थित रोजगार सहायक सचिव ग्राम पंचायत एवं नोडल अधिकारी को प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत प्रगति लाने को कहा गया।

# कोरर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शादी का झांसा देकर महीनों तक करता रहा शोषण

जिले में महिलाओं और नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की संवेदनशीलता एक बार फिर सामने आई है। थाना कोरर पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। यह कार्रवाई न केवल कानून के सख्त पालन का उदाहरण है, बल्कि समाज में अपराधियों के लिए कड़ा संदेश भी है कि ऐसे जघन्य अपराध बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार प्रार्थिया 7 फरवरी को थाना कांकेर पहुंचकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया कि आरोपी महेंद्र ध्रुव द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को शादी का प्रलोभन देकर दिसंबर 2024 से लगातार बलात्कार किया जा रहा था। रिपोर्ट के आधार पर थाना कांकेर में बिना नंबरी अपराध पंजीबद्ध किया गया, जिसे बाद में थाना कोरर में अपराध क्रमांक 19/2026 धारा 64(1), 64(2) बीएनएस एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोरर से विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल ग्राम पहुंचकर निरीक्षण किया गया एवं मौका नक्शा तैयार किया गया। आरोपी महेंद्र ध्रुव पिता सियाराम उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम मुगवाल थाना कोरर के घर पर होने की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा उसे अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पीड़िता को नाबालिग जानते हुए शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म करना स्वीकार किया।




आरोपी के कब्जे से आवश्यक साक्ष्य बरामद कर 24 घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक छत्रपाल सिंह साहू, प्रधान आरक्षक लकेश रावटे, योगेश मांडवी, आरक्षक मनोज साहू, पुनाराम सोम, दुवारू मांडवी, विनोद साहू एवं ईश्वर कावडे की अहम भूमिका रही।

# तेज रफ्तार बाइक की लापरवाही बनी हादसे की वजह, स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ईमली मोड़ झिटकाटोला मेन रोड पर हुआ हादसा

चारामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ईमली मोड़ झिटकाटोला मेन रोड पर तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक चलाई जा रही मोटरसाइकिल ने स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि आरोपी बाइक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम मैनखेड़ा निवासी 39 वर्षीय कैलाश कुमार पाटनवार पिता जगलाल पाटनवार 6 फरवरी को अपने साथी डागेश्वर रावटे के घर हाटकोंदल मेला देखने पहुंचे थे। मेला भ्रमण के बाद कैलाश अपने गांव के ही 35 वर्षीय अमर सिंह कोर्राम पिता स्व. कल्याण सिंह कोर्राम के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 04 आर 1645 से शिव मंदिर दर्शन करने गए थे। शिव मंदिर से लौटते समय शाम करीब 6 बजे जैसे ही वे ईमली मोड़ झिटका टोला मेन रोड पर पहुंचे, तभी पीछे की ओर से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 50 जेड 5115 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में स्कूटी चला रहे कैलाश कुमार को मामूली चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे अमर सिंह कोर्राम के दाहिने पैर में गंभीर चोट लग गई। हादसे के तुरंत बाद आरोपी मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया।



घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की मदद से घायल अमर सिंह कोर्राम को शासकीय अस्पताल भानुप्रतापपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीड़ित कैलाश कुमार पाटनवार द्वारा भानुप्रतापपुर थाना में दी गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) एवं 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### कोंडे में सात तारीख तक नहीं पहुंचा राशन, हितग्राही नाराज

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोंडे की शासकीय उचित मूल्य दुकान में माह की 7 तारीख हो जाने के बावजूद अब तक चावल नहीं पहुंचा है। समय पर राशन सामग्री नहीं मिलने से ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। विशेष रूप से गरीब, मजदूर एवं जरूरतमंद परिवारों को भोजन व्यवस्था के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर महीने राशन के लिए दुकान का चक्कर लगाना पड़ता है, लेकिन इस बार लगातार पूछताछ के बावजूद चावल उपलब्ध नहीं हो पाया। कई परिवारों को मजबूरी में बाजार से चावल खरीदना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इस मामले को लेकर कोंडे के कांग्रेस नेता हरीशचंद्र कावड़े ने राज्य सरकार एवं संबंधित विभाग पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार हर जगह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि राशन वितरण गरीबों के लिए सबसे महत्वपूर्ण योजना है, लेकिन इसमें भी लापरवाही और देरी होना गंभीर चिंता का विषय है। हरीशचंद्र कावड़े ने मांग की है कि शासन-प्रशासन तत्काल संज्ञान लेते हुए कोंडे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शीघ्र चावल पहुंचाने की व्यवस्था करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द चावल उपलब्ध नहीं कराया गया, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रशासन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# वार्षिकोत्सव व छात्रावास दिवस समारोह में कला-संस्कृति की शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर अंतर्गत संचालित समस्त आदिवासी छात्रावासों के छात्र-छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से संयुक्त आदिवासी छात्रावास दिवस समारोह सह वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन पीएसटी छात्रावास, भानुप्रतापपुर में किया गया। कार्यक्रम छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्रावास अधीक्षकों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, पारंपरिक गीत, नाटक एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक जीवन की जीवंत झलक देखने को मिली। प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा परिसर उत्साह व उल्लास से सराबोर रहा। मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी एवं अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने में सहायक होते हैं। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को सहेजकर आगे बढ़ने का संदेश देते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी का छात्रावास प्रतिनिधियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। आयोजन ने आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत और शिक्षा के महत्व को सशक्त रूप से उजागर किया। कार्यक्रम में देवलाल नरेटी, देवेंद्र टेकाम, गुप्तेश उसेंडी, जिला पंचायत सदस्य झरना ध्रुव, हुंगाराम मरकाम, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, उपाध्यक्ष निर्मला कवड़े, पार्षद निशा तिवारी, मनदीप कौर ढीन्दसा, कीर्ति पद्दा, विजय धामेचा, सुनील बबला पाढ़ी, ललित नरेटी, महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### दुर्घटना में दिवंगत वेदांत के परिजनों से मिलकर विधायक आशाराम ने बांटा दुख

**सरोना।** कांकेर जिले के सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम पेंड्रावन में एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में 16 वर्षीय वेदांत पटेल के असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वेदांत अपने परिवार का इकलौता पुत्र था, जिसकी अचानक हुई मृत्यु से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही विधायक आशाराम नेताम ने अपनी संवेदनशीलता और मानवीयता का परिचय देते हुए अपने सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम निरस्त कर शोकाकुल परिवार से भेंट की। विधायक ग्राम पेंड्रावन पहुंचकर दिवंगत वेदांत पटेल के परिजनों के साथ कुछ समय तक बैठे और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने इस अपूरणीय क्षति पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस असहनीय दुःख की घड़ी में वे स्वयं ही नहीं बल्कि पूरा विधानसभा परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने परिजनों को यह भरोसा दिलाया कि उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि एक युवा जीवन का इस प्रकार असमय चला जाना अत्यंत पीड़ादायक है और इसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा वेदांत पटेल की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त पटेल परिवार को इस गहरे आघात को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# मनरेगा रोजगार दिवस एवं पीएम आवास योजना कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की हुई समीक्षा

नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के तहत रोजगार दिवस एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी गईं। ग्राम पंचायत स्तर पर स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुके आवासों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 90 दिवस के मस्टर रोल की स्थिति, मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति, मजदूरी भुगतान की स्थिति एवं योजना से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विकासखंड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बेनुराम सुकदेवे ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख को सभी ग्राम पंचायतों में चावल उत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया जाना अनिवार्य है।



इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की सही, पारदर्शी एवं समय पर जानकारी मिल सके, जिससे वे योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी भी ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को दी गई। इसके साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मजदूरी भुगतान में पारदर्शिता, समयबद्ध भुगतान तथा रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों को तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कार्यक्रम के दौरान कोड के माध्यम से योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। इससे ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी सीधे और सरल तरीके से उपलब्ध हो सकेगी। यह मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह मिशन विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक सशक्त कदम है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि, रोजगार सहायक, सचिव एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

